प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 24.07.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. पेपर लीक और परीक्षा में गड़बड़ी के मामलों में कड़ी सज़ा देने के लिए सदन में मसौदा विधेयक पेश करेगी सरकार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में मिली मंजूरी।
2. सर्वोच्च न्यायालय ने नीट पेपर लीक के बाद लागू किए गए सुधारों की प्रगति की मांगी जानकारी : केंद्र और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी को हलफनामा दाखिल करने के दिए निर्देश।
3. नगर विकास मंत्री ए.के.शर्मा ने झांसी में 83 करोड़ 24 लाख रुपए की लागत से पेयजल योजना का किया लोकार्पण: कहा– बुंदेलखंड के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है सरकार। और
4. राज्य के कई जनपदों में रुक–रुक कर बारिश का सिलसिला जारी : बाराबंकी में घाघरा का जलस्तर खतरे के निशान के पार, मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में गरज चमक के साथ वर्षा का जताया अनुमान ।

———————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आज हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में पेपर लीक और परीक्षा में गड़बड़ी के मामलोंमें फास्ट–ट्रैक न्यायालय बनाने और कड़ी सज़ा

सुनिश्चित करने के लिए एक मसादाविधेयक को मंजूरी दे दी गई। इस विधेयक को अगले सप्ताह संसद में पेश किए जाने कीउम्मीद है। वहीं इस मामले पर संसद के बाहर मीडिया से बातचीत करते हुए केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि विधेयक के पारित होने में कोई बाधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकारछात्रों के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। बाइट....

*सोमवार को बिल तो हम लोग तो तैयारी कर रहे हैं। हम तो प्रधानमंत्री जी ने कहा है कि छात्रों को लेकर के जो हम बिल ला रहे हैं तो उसमें कोई विलंब नहीं होना चाहिए। इसमें कोई रुकावट पैदा करने के लिए कोई हथकंडे अपनाना ठीक नहीं होगा। अब इसको राजनीतिकरण करके फायदा नहीं है। हम लोग को ठोस कदम कैसे उठाना चाहिए छात्रों का भविष्य के लिए इस पर ध्यान देना चाहिए।*

इससे पहले कल प्रधानमंत्री ने एक वीडियो संदेश जारी कर कहा थी कि पेपर लीक की घटना के बाद पिछले ढाई महीने में कई कदम उठाए गए हैं। बाइट.....

*पेपर लीक ये कोई मामूली विषय नहीं है लाखों विद्यार्थी और उनके अभिभावकों के लिए बहुत ही पीड़ादायक है और इस लिए पेपरलीक घटना से अबतक पिछले ढ़ाई महीनों में अनेक कदम उठाए गए है। गुनहगारों को पकड़ागया है वे जेल में पड़े है। हमारा सबसे महत्वपूर्ण जिम्मा था की विद्यार्थियों काएक वर्ष बरबाद न हो। सरकार ने अभी कम से कम समय में 22 लाख जितने विद्यार्थियों के एग्जाम होजाए उसका प्रबंध किया।*

———————

इस बीच सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने कल रात गुरुग्राम के एक निजी अस्पताल में केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और जितेंद्र सिंह की उपस्थिति में 26 दिनों की भूख हड़ताल समाप्त कर दी।

—————————

केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और जितेंद्र सिंह ने आज नई दिल्ली मे कॉक्रोच जनता पार्टी के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। श्री नड्डा ने बताया कि बैठक के दौरान परीक्षा प्रणाली में सुधार संबंधी पार्टी की मांगों को ध्यानपूर्वक सुना गया। उन्होंने बताया कि कॉक्रोच जनता पार्टी ने तीन मुख्य मांगें रखीं और परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक पर रोक लगाने के लिए कुछ सुधारों का सुझाव भी दिया। श्री नड्डा ने कहा कि सरकार कल प्रतिनिधिमंडल के साथ एक और दौर की चर्चा करेगी।

—————————

उत्तर प्रदेश के भाजपा अध्यक्ष और केंद्रीय राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने कहा है कि प्रधानमंत्री ने हमेशा युवाओं के हितों को ध्यान में रखा है। नीट परीक्षा पेपर लीक मामले में समय रहते कार्रवाई के साथ दोबारा परीक्षा भी करवाई गई है। उन्होंने कहा कि विपक्ष को इस मुद्दे पर सड़कों पर उतरने के बजाय सदन में चर्चा करनी चाहिए। बाइट.....

*युवा हमारा देश का भविष्य और युवा किसी राजनीतिक दल का नहीं है बल्कि देश का एसेट और प्रधानमंत्री हमेशा उस युवाओं पे फोकस किया है और हमने देखे होंगे कि नीट परीक्षा के लीक होने के बाद तत्काल उस पे*

*सख्त से सख्त कार्रवाई भी की और बच्चों का भविष्य खराब ना हो जल्द से जल्द नीट का अच्छी तरीके से परीक्षा भी कराया लाखों परीक्षार्थी के मांग और हम विपक्ष से भी कह रहे हैं कि आप आओ सदन में बात करो कि युवाओं के लिए आगे कोई दिक्कत ना आए वैसा जो आपके पास सुझाव हो दे ताकि उसमें कानून बनावे नया ताकि आगे फिर पेपर लीक ना हो।*

————————

सर्वोच्च न्यायालय ने आज केंद्र सरकार और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी को नीट–यूजी पेपर लीक मामले के बाद सुधारों को लागू करने में हुई प्रगति पर एक विस्तृत हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आलोक आराधे की पीठ ने नीट पेपर लोक मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि हलफनामे में केवल अस्थायी उपायों पर निर्भर रहने के बजाय सुधारों को संस्थागत रूप देने के लिए उठाए गए कदमों का स्पष्ट विवरण होना चाहिए। पीठ ने कहा कि वह इस मामले पर कड़ी निगरानी रखेगी और नियमित रूप से इसकी समीक्षा करती रहेगी। शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार से यह भी पूछा कि वह परीक्षा प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन माध्यम में बदलने के लिए क्या कदम उठा रही है। मामले की अगली सुनवाई 27 जुलाई को होगी।

————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आज हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक मेंदेश में तीन समर्पित रासायनिक पार्क स्थापित करने के लिए भारत औद्योगिक विकास योजना रसायन को मंजूरी दी गई। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि भव्य–रसायन योजना के लिए कुल 3 हज़ार 30 करोड़ रुपये का वित्तीय आवंटन किया जाएगा। यह योजना वित्त वर्ष 2026–27 से वित्त वर्ष 2030–31 तक पांच वर्षों की अवधि के लिए लागू रहेगी। बाइट.....

*यह भवितव्य साइंस स्कीम का बेसिक थीम है प्लग एंड प्ले केमिकल पार्क्स। प्लग एंड प्ले केमिकल पार्क्स टाइम टेस्टेड स्ट्रेटेजी है। दुनिया के कई देशों ने की है यह और फाइव इयर्स रहेंगे टोटल फाइनेंशियल ईयर फाइनेंशियल आउटलेट 3000 करोड़ का है। थ्री डेडिकेटेड केमिकल पार्क्स बनेंगे। चैलेंज बेस्ड कॉम्पिटेटिव सिलेक्शन होगा।*

——————————

नगर विकास व ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने झांसी में 83 करोड़ 24 लाख रुपए की लागत से निर्मित गुरसराय नगरपालिका परिषद और गरौठा नगर पंचायत संयुक्त पुनर्गठन पेयजल याजना का लोकार्पण किया। इस

परियोजना से लगभग 7 हज़ार 740 घरों को नियमित रूप से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। इस मौके पर श्री शर्मा ने कहा कि आज प्रदेश सरकार बुंदेलखंड के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड में पेयजल, बिजली और आधारभूत ढांचे के विकास पर अभूतपूर्व कार्य हो रहे हैं। उन्होंने बुंदेलखंड में विकसित हो रहे डिफेंस कॉरिडोर और सौर ऊर्जा परियोजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इनसे निवेश और रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं।

———————

प्रदेश के विभिन्न जनपदों में आगामी सावन माह में कांवड़ यात्रा को लेकर व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसी क्रम में जौनपुर में कल कांवड़ यात्रा को सकुशल और शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में यात्रा के दौरान आपसी सौहार्द, शांति और भाईचारा बनाए रखने की अपील की गई। शामली में प्रदेश के अधिकारियों और हरियाणा प्रशासन के बीच बैठक आयोजित हुई, जिसमें सुरक्षा, ट्रैफिक डायवर्जन, सीसीटीवी निगरानी और सूचनाओं के त्वरित आदान–प्रदान पर चर्चा की। प्रयागराज के ज़िलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि कांवड यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए कई विभागों और जनता के बीच समन्वय बनाया जा रहा है। बाइट......

*कांवड़ यात्रा को लेकर जो भी इससे जुड़े हुए चाहे वह सरकारी विभाग हो या फिर आमजन हो या जो भी समितियां उनके साथ एक संवाद स्थापित किया गया है। जनपद स्तर पर भी एक बैठक की गई थी। इसके मुख्य जो घाट हैं जहां से गंगाजल लेकर लोग शिवालयों में जाते हैं। वहां का निरीक्षण किया गया। रूट का निरीक्षण किया गया। घाटों पर जहां–जहां पर जल पुलिस की सहयोग ले ली है। जल पुलिस ने भी अपनी तैयारी पूरी कर ली है। इस तरह से श्रद्धालुओं को कहीं कोई कठिनाई ना हो इसके लिए हमारे पूरे अधिकारी पूरे अलर्ट मोड पर हैं।*

———————————

राज्य के कई जनपदों में रुक रुक कर बारिश का सिलसिला जारी है। वर्षा और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण बाराबंकी में घाघरा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। वहीं अयोध्या और बलिया में घाघरा, लखीमपुर खीरी में शारदा और बदायूं में गंगा नदी खतरे के निशान के करीब पहुंच गई हैं। बाढ़ की आशंका के दृष्टिगत प्रशासन सतर्कता बरत रहा है। मौसम विभाग ने कल प्रदेश में कहीं कहीं गरज चमक के साथ हल्की से मध्यम वर्षा का अनुमान जताया है।

(समाप्त)